हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ

पिपरा चौक, बेतिया, जिला-पश्चिम चम्पारण, पिन- 845438, बिहार

पत्रांक : Himmat CLF/WC/Bettiah/82 दिनांक: 28/08/2024

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, पिपरा चौक, बेतिया द्वारा Government Medical College Hospital, Bettiah में संचालित जीविका दीदी की रसोई के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु संविदा के आधार पर कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager) पद पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :

क्र. सं.	पद का नाम	पद की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वांछित योग्यताएं	उम्र	मानदेय रु. प्रति माह (समेकित)
01	कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager)	01 (UR)	उम्मीदवार होटल प्रबंधन/ केटरिंग तकनीक (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (BHM)/ बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT)/ बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन/ बीए इन होटल मैनेजमेंट/ बीबीए इन हॉस्पिटैलिटी/ बीबीए इन होटल मैनेजमेंट/ होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।	आवेदन हेतु उम्मीदवार के पास कैंटीन, होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधन का काम में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य है।	21 से 45 वर्ष (आयु की गणना विज्ञापन जारी होने की तिथि के दिनांक के आधार पर की जायेगी)	रु 20,000/- से रु 50,000/- तक

1. कंप्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए।
2. व्यवहार कुशल होना चाहिए।
3. नियोजन अवधि:- मानदेय आधारित उक्त पद संविदा आधारित होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
4. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी ना तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और ना ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

चयन प्रक्रिया समय-सारणी :

- इच्छुक व्यक्ति आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के अंदर अपना आवेदन / बायोडाटा विहित प्रपत्र में शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्र / अंकपत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुये हाथोंहाथ या डाक के माध्यम से हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, पिपरा चौक, बेतिया कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
- संकुल संघ द्वारा चयनित उम्मीदवारों कि सूची दिनांकः12/09/2024 तक संकुल संघ में प्रदर्शित करेगी।

विशेष जानकारी के लिए दूरभाष सं०. 9939418764 / 8340768418 पर सम्पर्क किया जा सकता है। दिनांकः10/09/2024 को अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात कार्यालय में उपलब्ध कराई गई आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/-

रामप्रीता

अध्यक्ष

हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, पिपरा चौक, बेतिया

(अध्यक्ष)
हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ
बेतिया, पश्चिम चम्पारण।